# पाठ–११ : छिपा रहस्य

❖ **शब्दार्थ**

इस्तेमाल – प्रयोग

वफादार – विश्वसनीय

इत्मीनान – निश्चिंतता

याददाश्त – स्मरण शक्ति

मोहलत – कार्य विशेष के लिए मिलने वाला समय

मुआयना – निरीक्षण, जाँच–पडताल

अर्ज – निवेदन, प्रार्थना

सुबकना – अंदर ही अंदर रोना

मोतियाबिंद – आँखों की एक बीमारी

❖ **सही उत्तर पर सही का निशान लगाइए ।**

क) जोजफ कौन था ?

( ) दूधवाला (✓) घोडा ( ) कंपनी का मैनेजर ( ) कुत्ता

ख) जोजफ का रंग कैसा था ?

( ) काला ( ) भूरा (✓) सफेद ( ) लाल

ग) पियरे क्या करता था ?

( ) मैनेजर था (✓) दूध की सप्लाई

( ) पानी की सप्लाई ( ) ताँगा चलाता था

घ) सेवानिवृत्त किए जाने की बात पर जोजफ का क्या विचार था ?

( ) होना चाहता था (✓) नहीं होना चाहता था

( ) स्वयं को वृद्ध नहीं मानता था ( ) इनमें से कुछ भी नहीं

च) पाठ में किस छिपे रहस्य की चर्चा की गई है ?

( ) जोजफ के मरने की ( ) पियरे के एक्सीडेंट की

(✓) पियरे के अंधेपन की ( ) जैक की

❖ **कथनों का आशय**

क) पियरे और जोजफ के बीच रिश्ता ही कुछ ऐसा था कि दुनिया मुसकराने लगे ।

उ) पियरे और जोजफ की आपसी समझ लोगों को यह बताती थी कि पशु और मनुष्य के बीच भी अच्छी मित्रता और सद्भावना हो सकती है । दुनिया पियरे के पशु प्रेम और जोजफ की स्वामिभक्ति देखकर मुसकराती थी ।

ख) यह रहस्य हममें से किसी को नहीं पता था । सिर्फ उसके दोस्त जोजफ को पता था । यह दोनों के बीच की आपसी बात थी । सिर्फ दोनों के बीच की ।

उ) पियरे की आँखों में मोतियाबिंद उतर आया है और वह देख नहीं सकता, यह बात कंपनी में किसी को पता नहीं थी । जोजफ को रास्ते का पता था और पियरे के पैरों को गाडी और घर की दूरी मालूम थी । गाडी रुकते ही वह अपने वर्षो के अभ्यास से घर–घर दूध पहुँचा देता था । पियरे के न देख पाने का रहस्य जोजफ और उसके बीच तक ही था ।

## शब्द-संपदा

❖ **निम्नलिखित शब्दों के हिंदी समानार्थी शब्द लिखिए ।**

| | | |
|---|---|---|
| इस्तेमाल - प्रयोग | वफादार - समझदार | दिल - हृदय |
| इत्मीनान - निश्चिंतता | इजाजत - अनुमति, आज्ञा | मोहलत - समयावधि |

## पाठ-ज्ञान

❖ **मौखिक प्रश्न**

१) पियरे कौन था ?

उ) पियरे दूध कंपनी में दूध बाँटने वाला एक कर्मचारी था ।

२) पियरे ने घोडे का नाम जोजफ क्यों रखा ?

उ) पियरे ने घोडे का नाम जोजफ रखा क्योंकि वह एक समझदार, भला और वफादार घोडा था ।

३) पियरे की दिनचर्या क्या थी ?

उ) पियरे सुबह पाँच बजे ही दूध की कंपनी में रोजाना पहुँच जाता । गाडी में दूध लादता और जोजफ उसे खींचता । पियरे अपनी सीट पर बैठकर ईशारा करता और गाडी अपने आप एडवर्ड स्ट्रीट पहुँचती फिर सभी घर में दूध पहुँचाता और वापस आता ।

४) घोडे के बारे में पियरे की क्या राय थी ?

उ) साल भर में ही घोडे ने सडका का पूरा रास्ता रट लिया और ईशारे के बिना ही वह गाडी रोकता और एडवर्ड स्ट्रीट की पूरी लंबाई पार करते । पियरे को लगता था कि जोजफ बहुत समझदार, भला और वफादार घोडा है ।

५) अस्तबल के सुपरवाइजर को पियरे के बूढे होने का पता कैसे चला ?

उ) अस्तबल के सुपरवाइजर को पियरे के बूढे होने का पता चला जब एक दिन पियरे लाठी के सहारे चलता हुआ आया ।

६) लोग पियरे के लिए कोई चिट्ठी क्यों नहीं छोडते थे ?

उ) लोग पियरे के लिए कोई चिट्ठी नहीं छोडते थे क्योंकि एडवर्ड स्ट्रीट में सबको मालूम था कि पियरे पढ-लिख नहीं सकता ।

७) जैक ने पियरे की ओर ईशारा करते हुए दूध कंपनी के मैनेजर से क्या कहा ?

उ) जैक ने मैनेजर से कहा, जरा देखिए तो पियरे किस तरह अपने घोडे से बात करता है । और घोडा भी कितने प्यार से अपना मुँह घुमाकर पियरे की बात सुनता है । पियरे और घोडे में बडी गहरी दोस्ती है ।

८) पियरे को रिटायर कर पैंशन देने की बात क्यों की जाने लगी ?

उ) पियरे को रिटायर कर पैंशन देने की बात की जाने लगी क्योंकि वह भला आदमी है, पर बेचारा अब बुढा हो रहा है ।

९) जैक पियरे की कौन-सी बात समझ गया ?

उ) जैक ने पियरे से रिटायर होने की बात कही थी तब पियरे ने कहा कि जब मेरा घोडा रिटायर होगा तब मैं भी काम छोड दूँगा । इस पर जैक समझ गया कि दोनों एक दूसरे के बिना काम नहीं कर सकते ।

१०) पियरे और जोजफ के बीच कैसा रिश्ता था ?

उ) पियरे और जोजफ के बीच रिश्ता ही कुछ ऐसा था कि मानो दोनो एक दूसरे का सहारा हो ।

११) जैक ने पियरे को कौन-सी बुरी खबर सुनाई ?

उ) जैक ने पियरे को यह खबर सुनाई कि पयरे आज सुबह जोजफ सोकर ही नहीं उठा ।

१२) किस रहस्य की जानकारी सिर्फ पियरे के दोस्त जोजफ को थी ?

उ) पियरे पिछले पाँच सालों से मोतियाबिंद की बीमारी के कारण अंधा हो गया था । इस रहस्य की जानकारी सिर्फ पियरे के दोस्त जोजफ को थी ।

## ❖ प्रश्नों के उत्तर

१) पियरे किस सडक को अच्छी तरह जानता था ?

उ) पियरे पिछले तीस सालों से एडवर्ड स्ट्रीट पर बसे सभी परिवारों को दूध बाँट रहा था । इसलिए वह एडवर्ड स्ट्रीट को बहुत अच्छी तरह जानता था ।

२) पियरे अक्सर क्या शेखी बघारता था ?

उ) पियरे अपने घोडे के बारे में शेखी बघारकर कहता था कि मेरे घोडे को लगाम की जरुरत नहीं वह बहुत समझदार है ।

३) पियरे के गाडी पर बैठने के बाद जोजफ दूध की सप्लाई कैसे करता ?

उ) पियरे के गाडी पर बैठते ही एडवर्ड स्ट्रीट पर पहुँचकर घोडे पहले घर पर रुकता और पियरे तीस सैकंड में दरवाजे के सामने एक बोतल दूध रख देता । फिर घोडा दूसरे घर पर रुकता । इस तरह पियर और घोडा पूरी एडवर्ड स्ट्रीट पर दूध की सप्लाई करते थे ।

४) जोजफ की मृत्यु का समाचार सुनकर पियरे ने क्या किया ?

उ) जोजफ की मृत्यु का समाचार सुनकर पियरे ने कहा अब जोजफ को कभी नहीं देख पाऊँगा। घर लौटने के लिए वापस मुडते हुए कहा कि तुम समझोगे नहीं, जैक ।

५) क्या पियरे द्वारा की गई सेवाओं से आप संतुष्ट है ? तर्क सहित बताइए ।

उ) अपनी आँखों में मोतियाबिंद उतर आने पर भी पियरे नियमित रुप से दूध बाँटने का कार्य करता रहा । अपनी अक्षमता बताकर किसी की सहायता नहीं माँगी । दूध बाँटने और हिसाब देने में उसने गलती नहीं की । इन सभी कारणों से उसकी सेवा से संतुष्ट हुआ जा सकता है ।

६) पियरे और जोजफ एक दूसरे के पूरक थे । कैसे ? समझाकर बताईए ।

उ) पियरे और जोजफ एक दूसरे के पूरक थे । जोजफ दूध लादे जाने और पियरे के बैठने के बाद गाडी खींचता था । पियरे घर-घर दूध पहुँचाता था । जोजफ को पता था कि किस रास्ते से जाना है और हर घर के सामने कितनी देर रुकना है और पियरे उसी के अनुसार दूध रखकर गाडी पर वापस आता था । दोनो कंपनी का काम मिल जूलकर करते थे ।